कार्यालय राज्य लोक सेवा अधिकरण, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

पत्रांक 755 / निबंधक / रा0लो0से0अधि0 / 2017 दिनॉक 17, जनवरी, 2017

कार्यालय ज्ञाप

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अधिकरण के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि वह अपने आधार कार्ड की छाया प्रति अधिकरण कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, स्थापना अनुभाग को शीघ्र उपलब्ध करायें ताकि उन्हें सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली में रखा जा सके। यह भी निर्देशित किया जाता है कि जिन अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अभी तक आधार कार्ड न बनवाया गया हो वे अपना आधार कार्ड शीघ्र बनवाकर यथासम्भव एक माह के अन्दर अधिकरण कार्यालय के स्थापना अनुभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रशासनिक अधिकारी, स्थापना अनुभाग को आदेशित किया जाता है कि वह समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के आधार कार्ड प्राप्त होने के उपरान्त उसकी प्रति सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली में अनुरक्षित करें।

17.1.17

(गौरी शंकर गुप्ता)
निबंधक

पृ0सं0 755 / निबंधक / रा0लो0से0अधि0 / 2017 तद्दिनॉक–
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष महोदय, रा0लो0से0अधि0, लखनऊ।
2– निजी सचिव / वै0 सहायक, समस्त माननीय सदस्य (न्या0 / प्रशा0), रा0लो0से0अधि0, लखनऊ।
3– वैयक्तिक सहायक, निबंधक, रा0लो0से0अधि0, लखनऊ।
4– मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी / समस्त प्रशासनिक अधिकारी / कम्प्यूटर प्रोग्रामर / पुस्तकालयाध्यक्ष / लेखाकार, रा0लो0से0अधि0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे स्वंय एवं उनके अधीनस्थ समस्त कर्मचारीगण इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

(गौरी शंकर गुप्ता)
निबंधक